राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल श्री फागू चौहान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया

पटना, 15 अगस्त 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया एवं परेड की सलामी ली। परेड में बिहार पुलिस एवं बिहार सैन्य पुलिस के जवान शामिल थे ।

इस समारोह में राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे। समारोह में महामहिम राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों और महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि इस अवसर पर सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, सद्भावना व सामाजिक समरसता की भावना को सुदृढ़ करने एवं राष्ट्र के विकास के लिए दृढ़संकल्पित होकर सदैव सजग, तत्पर और प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्यवासियों के सहयोग से बिहार विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ेगा तथा भारतवर्ष की गरिमा भी बढ़ेगी।

....